जयंती

राष्ट्रनिष्ठा और कुशल नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण डॉ .श्यामाप्रसाद मुखर्जी - केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल

डॉ . मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने किया आयोजन

नवभारत/ नरसिंहपुर। होटल सावित्री सिग्नेचर में श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125वी जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन प्रह्लाद सिंह पटेल जी एवं जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, जिला प्रभारी शरद जैन, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, महेन्द्र नागेश प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा उदय प्रताप कौरव, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक स्मृति जैन, पूर्व विधायक हाकम सिंह चड़ार, पूर्व जिला अध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी जिला महामंत्री सुरेंद्र मोहन नेमा की गरिमामय उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि भारत की एकता अखण्डता और राष्ट्रीय स्वभिमान के प्रखर प्रहरी महान शिक्षाविद् राष्ट्रवादी चिन्तक एवं जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और दृसंकल्प का अनुपम उदाहरण है उन्होने अपने विचारों और कार्यों से स्वतंत्र भारत की राजनीति को नई दिशा प्रदान की है तथा राष्ट्रहित की भावना को सदैव सर्वोपरि रखा है आज डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंति केवल उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करने का अवसर नही बल्कि राष्ट्रभक्ति एवं स्वशासन सांस्कृतिक चेतना एवं अखण्ड भारत के उनके आदर्शों को आत्मसात करने का प्रेरक अवसर पर है। तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की एवं उसके संस्थापक के रूप में अपना बेहतर योगदान देते हुए जनसंघ को देश में एक सशक्त राष्ट्रवादी राजनैतिक विकल्प के रूप में पहचान दिलाई। डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जनसंघ की स्थापना का उद्देश्य सांस्कृतिक अस्मिता लोकतांत्रिक मूल्यों राष्ट्रवाद और अखंड भारत की भावना को सशक्त करना था। भारतीय जनता पार्टी जो आज देश की प्रमुख राजनैतिक शक्ति है उसमें डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान अतुलनीय है। उनका योगदान केवल एक राजनैतिक दल की स्थापना तक सीमित नहीं रहा बल्कि उन्होने भारत की राष्ट्रवादी नीति को एक स्थाई वैचारिक आधार प्रदान किया। मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के उन महान राष्ट्र निर्माताओं में डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी का नाम मुख्य रूप से आता है जिन्हानें स्वतंत्र भारत की प्रारंभिक नीतियों ओर औद्योगिक विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वे स्वतंत्र भारत की पहली केन्द्रिय परिषद् में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में शामिल हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले डॉ.मुखर्जी ने अपने कार्यकाल में देश को औद्योगिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण पहल की। जब देश स्वतंत्रता के बाद आर्थिक चुनौतियों संसाधनों की कमी और औद्योगिक पिछडे पन से जूझ रहा था। ऐसे समय में डॉ.मुखर्जी ने स्वदेशी उद्योंगों को प्रोत्साहन देने उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा सार्वजनिक क्षेत्र के विकास पर विशेष बल दिया। केन्द्रीय मंत्री मंडल महत्वपूर्ण सदस्य होने के बाद भी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर उन्होंने कभी समझौता नही किया। 1950 में उन्होने नेहरू लियाकत समझौता में अपनी असहमति दर्ज कराते हुए अपने सिद्धांतों एवं राष्ट्रहित के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण देते हुए केन्द्रीय मंत्री मंडल से अपना स्तीफा दे दिया। आज उनकी जयंति पर राष्ट्र उन्हें ऐसे दूरदर्शी नेता के रूप में स्मरण करता है जिन्होंने स्वतंत्र भारत के उद्योगिक विकास राष्ट्रीय एकता और स्वभिमान को नई दिशा देने में अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बतया कि मंच का संचालन जिला महामंत्री राहुल कौरव एवं आभार जिला उपाध्यक्ष मुकेश मरैया ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष/सदस्य गण नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्षगण जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री गण पार्षद, सरपंच, जनपद सदस्य, एवं जिले की चारों विधानसभाओं से ब ी संख्या में ज्येष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता दी।

शिविर में योजनाओं का पंजीयन भी किया जाएगा

नवभारत/ नरसिंहपुर। जिले में विभिन्न योजनाओं के लाभों से कोई हितग्राही वंचित न हो तथा विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी व समग्र ई-केवायसी लंबित न रहे, इसके लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के आदेश पर जिले में शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक वार्डों और ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के एक दिन पूर्व शहरी क्षेत्र में वार्ड प्रभारी, आशा कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वार्ड भ्रमण कर और पंचायतों में सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व पटवारी ग्राम भ्रमण कर वंचित परिवारों से सम्पर्क कर आवश्यक दस्तावेज सहित शिविर में आने के लिए आग्रह करेंगे। शिविर दिवस को सभी आवश्यक पंजीयन सेचुरेशन मोड़ पर पूर्ण किया जाएगा।

पदयात्रा निकालकर दिया पौधरोपण का संदेश, नीम के बीजों का किया रोपण

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। रविवार को नगर की योगदान सेवा समिति के द्वारा तेंदूखेड़ा से इमझिरा के बीच पैदल यात्रा निकालकर लोगों को वृक्षारोपण के महत्व को समझाते हुए सड़क मार्ग के किनारे नीम के बीज का रोपण किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित समिति के सदस्यों के द्वारा सड़क मार्ग के दोनों तरफ नीम के बीजों को रोपित किया गया। सदस्यों का मानना है कि उक्त बीज अंकुरित होकर स्वयं पौधे का आकार लेंगे फिर इनकी परवरिश स्वयं सदस्य तो करेंगे ही वहीं सड़क किनारे खेत मालिकों का भी इसमें सहयोग लिया जाएगा। गौरतलब रहे कि उक्त समिति के द्वारा हर साल अलग अलग क्षेत्रों सड़क मार्गों पर छाया दार फलदार पौधा रोपण किया जाता है जिनमें सैकड़ों पौधों ने वृक्ष का रुप ले लिया है।जो राहगीरों को छाया प्रदान करने के साथ फल और मुफ्त में आक्सीजन प्रदान कर रहे हैं। योगदान समिति की इस पहल का सभी वर्गों द्वारा सराहना की जा रही है।

8 जुलाई को आयोजित किए जाने वाले शिविरों की जानकारी

नवभारत/ नरसिंहपुर। के गांधी वार्ड व राजेन्द्र बाबू वार्ड, नगर पालिका नरसिंहपुर के नेहरू वार्ड व शंकर वार्ड, नगर पालिका करेली के अम्बेडकर वार्ड व गणेश वार्ड, नगर पालिका गोटेगांव के आजाद वार्ड व बजरंग वार्ड, नगर परिषद तेंदूखेड़ा के वार्ड एक भगत सिंह वार्ड व वार्ड दो बाल गंगाधर तिलक वार्ड, नगर परिषद चीचली, नगर परिषद सालीचौका और नगर परिषद सांईखेड़ा के वार्ड एक व वार्ड दो में शिविर लगाए जाएंगे। इसी तरह 8 जुलाई को जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत अम्हेटा, आमगांवबड़ा, अमथनू, बघुवार व बम्हनी, जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत आलोद, अमोदा, बबरिया, बचई व बडगुवा, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत आड़ेगांव, जमाड़ा, अर्जुनगांव, बाबईकला व बाबई खुर्द।

प्रदेश की अनोखे गुड़-चना युक्त प्याऊ का हुआ समापन

नवभारत/ गाडरवारा। शहर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा पिछले 2 माह 17 दिनों से संचालित प्रदेश की अनोखी गुड़-चना युक्त प्याऊ का रविवार को शिक्षक संदर्भ समूह के मुख्य आतिथ्य एवं शहर के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में समापन किया गया। इस अवसर पर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाकर सेवा अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आषाढ़ पंचमी के अवसर पर वैदिक परंपरा के अनुसार वरिष्ठ विद्वान पं. भवानी प्रसाद शास्त्री, अरुण तिवारी और चंद्रशेखर पाराशर द्वारा माँ विजयासन एवं वरुण देवता के विधिवत पूजन से हुई। शिक्षक संदर्भ समूह के शिक्षकों एवं शिवकुमार कौरव ने भी पूजा-अर्चना में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुकेश बसेड़िया ने कन्याओं के चरण पखारकर उनका पूजन किया, उन्हें शरबत पिलाया तथा शिक्षण सामग्री भेंट की। वहीं उपस्थित एक वृद्ध महिला को मच्छरदानी भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता अनूप जैन, शिक्षक राजेश गुप्ता, मधुसूदन पटेल, राजेंद्र गुप्ता, राजीव नाहर, सुरेंद्र पटेल, तुलसीकांत श्रीवास्तव, लिपिक अमित पटैल, मूलचंद पटेल, पं. राजेश शर्मा, मोना कहार एवं तनुश्री बसेड़िया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर मुकेश बसेड़िया ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह जल सेवा पिछले दो माह से शहर के अस्पताल रोड और लोक सेवा केंद्र पर संचालित की जा रही थी। यहाँ राहगीरों को शीतल जल के साथ गुड़-चना भी उपलब्ध कराया जाता था, क्योंकि खाली पेट ठंडा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जबकि गुड़-चना ऊर्जा प्रदान कर गर्मी से राहत देता है।

एक नजर में

झमाझम बरसे मेघ

तेंदूखेड़ा। पिछले कई दिनों से आसमान की तरफ टकटकी लगाए बैठे किसानों की आस अब जाकर पूरी हो रही है।प्यासी धरती को पानी और खरीफ मौसम की फसलों को भी पानी मिलने से राहत मिली है। कृषकों ने मक्का फसल की बुवाई तो कर दी थी लेकिन उन्हें पानी नहीं मिलने से बीज खराब होने की आशंका बनीं हुई थी।साथ ही धान के भी रोपा लगाये जा रहे थे उसे भी पानी की नितांत आवश्यकता थी। पिछले दो तीन दिन से हो रही वारिस से उमस भरी गर्मी से राहत।

वरिष्ठ शिक्षाविद एवं समाजसेवी सीबी नेमा का निधन, समाज क्षेत्र में किए उल्लेखनीय कार्य

नवभारत/ नरसिंहपुर। राजराजेश्वरी भक्त मंडल के वरिष्ठ सदस्य, हीरापुर वाले स्वामी जी महाराज के परमस्नेही एवं कृपापात्र शिष्य, वरिष्ठ शिक्षाविद तथा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री चंद्रभूषण (सी.बी.) नेमा का गुरुवार प्रात: ब्रह्ममबेला में निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। श्री नेमा श्रीराम नाम बैंक के जिला प्रमुख, रेडक्रॉस सोसाइटी नरसिंहपुर के पूर्व जिला सचिव, गौ संवर्धन समिति के सचिव, मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक, वरिष्ठ जन परिषद एवं वरिष्ठ नागरिक मंच के संरक्षक तथा नेमा समाज के वरिष्ठ सदस्य थे। उन्होंने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों के माध्यम से समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और जीवनभर जनकल्याण के कार्यों के लिए समर्पित रहे।आप विकास नेमा, विवेकदीप नेमा एवं विनयश्री नेमा के पूज्य पिताजी, विष्णु नेमा के भाई तथा पत्रकार विनीत नेमा, पुनीत नेमा एवं नवनीत नेमा के बड़े पिताजी थे। अंतिम संस्कार डेडवारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा एवं अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन, समाजजन, शुभचिंतक तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उपस्थित होकर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

धर्मेन्द्र श्रीवास का अल्पायु में निधन

नवभारत/ गाडरवारा। के निवास नदी मोहल्ला निवासी धर्मेन्द्र श्रीवास का गंभीर बीमारी के चलते कल अल्पायु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से अस्वस्थ थे। स्वर्गीय धर्मेन्द्र श्रीवास, मोहन श्रीवास के सुपुत्र एवं कल्लू श्रीवास के बड़े भाई थे। उनके असामयिक निधन से परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन पर नगर के अनेक सामाजिक एवं गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

एक ट्रिप निरस्त रहेगी दयोदय एक्सप्रेस

जबलपुर, नवभारत। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के मांडावरिया-किशनगढ़ रेलखंड में ब्रिज संख्या 292 पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब प्रतिस्थापन कार्य किए जाने के कारण पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 12181/82 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस अक्टूबर माह में दोनों दिशाओं में 01-01 ट्रिप जयपुर-अजमेर के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को जबलपुर से अपने निर्धारित समयानुसार प्रस्थान कर जयपुर स्टेशन तक ही संचालित होगी। अर्थात जयपुर-अजमेर रेलखंड के मध्य यह गाड़ी आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।वही गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 25 अक्टूबर को अपने निर्धारित प्रारंभिक स्टेशन अजमेर के स्थान पर जयपुर स्टेशन से अपने निर्धारित समयानुसार प्रस्थान कर जबलपुर तक संचालित होगी। अर्थात अजमेर-जयपुर रेलखंड के मध्य यह गाड़ी आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

उपयंत्री प्रदीप शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर जनपद पंचायत साईखेड़ा में दी विदाई



नवभारत/ साईखेड़ा। जनपद पंचायत साईखेड़ा में शिक्षा विभाग एवं पंचायत के उपयंत्री प्रदीप शर्मा के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने श्री शर्मा के लंबे, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रदीप शर्मा ने अपने सेवाकाल के दौरान शासन की विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका प्रयास हमेशा यही रहा कि प्रत्येक ग्राम तक योजनाओं का लाभ समय पर और गुणवत्तापूर्वक पहुंचे। वे नियमित रूप से निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते, बारीकी से मूल्यांकन करते तथा जहां भी सुधार की आवश्यकता होती, तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश देकर कार्यों को बेहतर बनाने का प्रयास करते थे। वक्ताओं ने कहा कि श्री शर्मा की कार्यशैली अनुकरणीय रही। उनकी समय पर उपलब्धता, सरल व्यवहार, जिम्मेदारी के प्रति समर्पण एवं कार्यों की गुणवत्ता के प्रति सजगता ने जनपद पंचायत साईखेड़ा को एक अलग पहचान दिलाई। उनके मार्गदर्शन में अनेक विकास कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुए।

83वां नि :शुल्क मेडिकल कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

नवभारत/ गाडरवारा। यह कोई एनजीओ या संस्था नहीं है। इस सेवा अभियान में कहीं से बाहरी आर्थिक सहायता नहीं आती। यह पूरी तरह गाडरवारा एवं आसपास के लगभग 45ङ्क50 युवाओं के स्वैच्छिक दान और सहयोग से संचालित होता है। सभी दानदाताओं के सहयोग से 83वां निशुल्क मेडिकल कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर में 4 बड़े शहरों तथा दूर-दराज के 24 गांवों से आए मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। साई धाम मंदिर, ग्राम कान्हरगांव में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले इस पूर्णत: पॉलीथिन मुक्त मेडिकल कैंप में इस बार 129 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। यह सेवा अभियान पिछले 83 महीनों से लगातार संचालित हो रहा है। इसके लिए सभी दानदाताओं, निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने वाले चिकित्सकों एवं स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय है। ईश्वर एवं मां नर्मदा से प्रार्थना है कि वे सभी दानदाताओं और सेवा में समर्पित चिकित्सकों पर अपनी कृपा बनाए रखें तथा यह जनसेवा का अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहे।

शासकीय सेवा के बाद सुरेंद्र सिंह राजपूत का भावपूर्ण सेवा अभिनंदन

नवभारत/ गाडरवारा। विकासखंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 47 वर्षों तक शिक्षा जगत को समर्पित सेवाएं देने वाले वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र सिंह राजपूत के सेवानिवृत्ति अवसर पर गरिमामय एवं भावपूर्ण सेवा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके प्रेरणादायी सेवाकाल को नमन करते हुए भावभीनी विदाई दी। वर्ष 1979 में शासकीय सेवा प्रारंभ करने वाले राजपूत ने वर्ष 2026 तक अपने 47 वर्षों के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका सरल, सौम्य और समन्वयपूर्ण व्यक्तित्व सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा। वे कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समयपालन के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते रहे तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह में वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक टेहलसिंह राजगोंड, जगदीश सिरोठिया, राजेश कौरव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र राजपूत, विकासखंड स्रोत समन्वयक डी.के. पटेल, विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर सहित शाला परिवार, जन शिक्षा केंद्र के शिक्षक एवं अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने राजपूत के उत्कृष्ट सेवाकाल, विनम्र व्यवहार, कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन शिक्षक विनीत नामदेव ने किया। जबकि सम्मान-पत्र का वाचन सत्यम ताम्रकार ने किया। सम्मान-पत्र में राजपूत के व्यक्तित्व, कृतित्व और शिक्षा जगत में दिए गए अमूल्य योगदान का भावपूर्ण उल्लेख किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित लोग भावुक हो उठे। अंत में प्राचार्य भूपेश ठाकुर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए ।

समारोह

सुरेंद्र सिंह राजपूत का अनुकरणीय सेवाकाल आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। समारोह के उपरांत विद्यालय परिवार ने ढोल-नगाड़ों और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच सुरेंद्र सिंह राजपूत को ससम्मान विद्यालय से उनके निवास तक विदा किया। पूरे मार्ग में सम्मान, आत्मीयता और स्नेह का अनूठा दृश्य देखने को मिला। यह विदाई केवल एक शिक्षक की सेवानिवृत्ति नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की गौरवशाली यात्रा को सम्मानपूर्वक नमन करने का अवसर बन गई।

डैम पार करते समय पैर फिसलने से पानी में डूबा युवक, मौत

नवभारत, जबलपुर। मझौली थाना अंतर्गत ग्राम कटाव में बने डैम को पार करते समय एक 20 वर्षीय युवक का पैर फिसल गया। गहरे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, कटनी जिले के बरही का रहने वाला सचिन पारधी (20) सुबह करीब 9:30 बजे कटाव ग्राम में अपने मामा संतोष पारधी के घर आया था। सचिन का परिवार घूम-घूमकर रुद्राक्ष की माला, केसर, कस्तूरी और चूड़ी-कंगन बेचने का काम करता है। शाम करीब 5:30 बजे सचिन कटाव नदी पर बने डैम को पार कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह सीधे गहरे पानी में जा गिरा। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय निवासी तुरंत मदद के लिए नदी में कूदे।

आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद सचिन को पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक फेफड़ों में अत्यधिक पानी भरने के कारण उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की खबर मिलते ही मृतक के साले के लड़के बादल ने परिजनों को फोन पर इसकी सूचना दी, जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पिता बनाफर पारधी (55) ने मझौली थाने में सूच ना दी । पुलिस ने पिता के बयानों के आधार पर मर्ग दर्ज कर लिया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

6 माह का कारावास पूरा करने पर दायर करेंगे जमानत आवेदन

जबलपुर। रीवा जिले के बैकुंठपुर थानान्तर्गत पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की तरफ से जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली थी। जमानत आवेदन की सुनवाई के दौरान आधा दर्जन आरोपियों ने आवेदन वापस लेने का आग्रह करते हुए कहा है कि वह 6 माह की कारावास अवधि पूरी करने के बाद जमानत आवेदन पेश करेंगे। हाईकोर्ट जस्टिस अजय कुमार निरंकारी ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए प्रकरण में दो अन्य आरोपियों को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया। रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में सुरेश कचेर एवं उनके पुत्र पर हुए जानलेवा हमले में पुलिस ने आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। जिला न्यायालय ने उनका जमानत आवेदन खारिज कर दिया था। जिसके बाद जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। पीड़ित पक्ष ने जमानत आवेदन के विरोध करते हुए एकलपीठ को बताया कि आरोपियों ने पिता सुरेश और बेटे निशांत के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। जिसके कारण दोनों को फ्रैक्चर व गंभीर चोटें थी। सुनवाई के दौरान 6 आरोपियों की तरफ से जमानत आवेदन वापस लेने की प्रार्थना की।

तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से मारी टक्कर, बड़े भाई की मौत, छोटा घायल



नवभारत, जबलपुर । बेलखेड़ा थाना अंतर्गत अन्नपूर्णा ढाबा के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए आगे जा रही बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे 26 वर्षीय युवक की सिर में गंभीर चोट आने के कारण दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका छोटा भाई घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम सुनाचर निवासी रंजीत भूमिया (24) ने बताया कि वह 2 अपने बड़े भाई देवेन्द्र भूमिया (26) के साथ मोटरसाइकिल से अपने बहनोई को छोड़ने पाटन गए थे। बीती रात दोनों भाई वापस अपने गांव लौट रहे थे। बाइक बड़ा भाई देवेन्द्र चला रहा था और रंजीत पीछे बैठा था। दोनों भाई जैसे ही बेलखेड़ा क्षेत्र में अन्नपूर्णा ढाबा के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड डी 0969 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी दौड़ाते हुए उनकी बाइक को पीछे से उड़ा दिया। टक्कर लगते ही दोनों भाई सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। रंजीत के पैर में चोट आई, वहीं देवेन्द्र के सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण वह अचेत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की मदद से दोनों भाइयों को तत्काल उपचार के लिए शहपुरा अस्पताल ले जाया गया। यहाँ डॉक्टर ने परीक्षण के बाद देवेन्द्र भूमिया को मृत घोषित कर दिया।